collegebatch.com

**Series R3PQS/3**

**SET~2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/3/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।
Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*

***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** किसी अर्थव्यवस्था में स्फीतिकारी अंतराल तब उपस्थित होता है, जब पूर्ण रोज़गार स्तर पर __________ हो । (रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) वास्तविक समग्र माँग > संभावित समग्र माँग

(B) वास्तविक समग्र माँग < संभावित समग्र माँग

(C) वास्तविक समग्र माँग ≤ संभावित समग्र माँग

(D) वास्तविक समग्र माँग = संभावित समग्र माँग

**2.** 19 मई, 2023 को जारी भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के सांख्यिकीय पूरक के अनुसार :

"भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (आरक्षित) लगातार तीसरे सप्ताह में वृद्धिमान हुआ है तथा यह $ 600 अरब के अनुमानित स्तर के करीब पहुँच गया है ।"

उपर्युक्त स्थिति भारत के भुगतान संतुलन खाते के __________ पक्ष में __________ करेगी । (रिक्त स्थानों को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) क्रेडिट, वृद्धि (B) क्रेडिट, कमी

(C) डेबिट, कमी (D) डेबिट, वृद्धि

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i) This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii) This question paper contains **two** sections :*
***Section A** – Macro Economics*
***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii) This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv) This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v) This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi) This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii) Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii) In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A

## Macro Economics

**1.** Inflationary gap in an economy may exist when ________ at full employment level. (Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) Actual Aggregate Demand $>$ Potential Aggregate Demand

(B) Actual Aggregate Demand $<$ Potential Aggregate Demand

(C) Actual Aggregate Demand $\leq$ Potential Aggregate Demand

(D) Actual Aggregate Demand $=$ Potential Aggregate Demand

**2.** According to the Reserve Bank of India's (RBI's) Statistical Supplement released on $19^{th}$ May, 2023 :

"India's foreign exchange reserves grew for the third straight week and reached near an approximate level of $ 600 billion."

The above situation will ________ the ________ side of Balance of Payments account of India.

(Choose the correct alternative to fill in the blanks) *1*

(A) Increase, Credit
(B) Decrease, Credit
(C) Decrease, Debit
(D) Increase, Debit

3. निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* आरक्षित अनुपात व साख निर्माण प्रक्रिया में ऋणात्मक (व्युत्क्रम) संबंध होता है ।

*कथन 2 :* किसी अर्थव्यवस्था का केन्द्रीय बैंक साख निर्माण प्रक्रिया के नियंत्रण का महत्त्वपूर्ण कार्य करता है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

4. समग्र माँग में किसी भी प्रकार की कमी को हतोत्साहित करने के लिए भारत सरकार __________ में __________ कर सकती है ।

(रिक्त स्थानों को भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) रेपो दर, कमी

(B) रिवर्स रेपो दर, वृद्धि

(C) सरकारी व्यय, कमी

(D) कर की दर, कमी

5. दी गई तालिका को पूरा करने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| *चक्र* | *जमा* | *ऋण (90%)* | *आरक्षित निधि अनुपात (10%)* |
|---|---|---|---|
| I | 2000 | 1800 | 200 |
| II | ...(i)... | ...(ii)... | 180 |
| ... | ... | ... | ... |
| ... | ... | ... | ... |
| कुल | ...(iii) ... | ...(iv) ... | 2000 |

विकल्प :

(A) 2000, 1620, 20000, 18000

(B) 1800, 180, 2000, 18000

(C) 1620, 180, 2000, 18000

(D) 1800, 1620, 20000, 18000

collegebatch.com

**3.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Reserve ratio and Credit creation process are inversely related.

*Statement 2 :* Central Bank of an economy performs the vital function of controlling the credit creation process.

In light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**4.** In order to discourage any fall in Aggregate Demand, the Government of India may _________ the _________.

(Choose the correct alternative to fill in the blanks) *1*

(A) decrease, repo rate

(B) increase, reverse repo rate

(C) decrease, government expenditure

(D) decrease, tax rate

**5.** Choose the correct alternative to complete the given schedule : *1*

| *Round* | *Deposits* | *Loans (90%)* | *Reserve Ratio (10%)* |
|---|---|---|---|
| I | 2000 | 1800 | 200 |
| II | ...(i)... | ...(ii)... | 180 |
| ... | ... | ... | ... |
| ... | ... | ... | ... |
| Total | ...(iii) ... | ...(iv) ... | 2000 |

Alternatives :

(A) 2000, 1620, 20000, 18000

(B) 1800, 180, 2000, 18000

(C) 1620, 180, 2000, 18000

(D) 1800, 1620, 20000, 18000

collegebatch.com

**6.** कॉलम I में दिए गए कथनों के कॉलम II में दिए गए संबंधित शब्दों के साथ सही युग्म की पहचान कीजिए : *1*

| | *कॉलम I* | | *कॉलम II* |
|---|---|---|---|
| 1. | विदेशों से किसी राष्ट्र में प्रेषित धनराशि | (i) | समंजन लेनदेन |
| 2. | विदेशी मुद्राओं के मुकाबले राष्ट्र की मुद्रा के मूल्य में कमी की सरकार की नीति | (ii) | अवमूल्यन |
| 3. | किसी राष्ट्र के दृश्य निर्यात व दृश्य आयात के मध्य अंतर | (iii) | भुगतान संतुलन |
| 4. | विदेशी मुद्रा दर निर्धारित करने में सरकार का एकमात्र प्राधिकार | (iv) | नम्य विनिमय दर प्रणाली |

विकल्प :

(A) $1 \rightarrow$ (i)  (B) $2 \rightarrow$ (ii)

(C) $3 \rightarrow$ (iii)  (D) $4 \rightarrow$ (iv)

**7.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* आय में परिवर्तन ($\Delta$Y) के संबंध में उपभोग में परिवर्तन ($\Delta$C) की स्थिर दर के कारण उपभोग वक्र एक सीधी रेखा होता है ।

*कथन 2 :* उपभोग व आय के मध्य परिवर्तन की सीमांत दर को औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) के रूप में परिभाषित किया गया है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

collegebatch.com

**6.** Identify the correct pair of statements given in Column I with the related terms in Column II : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| 1. | Remittances from abroad to the nation | (i) | Accommodating Transaction |
| 2. | Government's policy of decreasing the value of the nation's currency against foreign currencies | (ii) | Devaluation |
| 3. | Difference between visible exports and visible imports of a nation | (iii) | Balance of Payments |
| 4. | Government as sole authority of determining foreign exchange rates | (iv) | Flexible Exchange Rate System |

Alternatives :

(A) $1 \rightarrow$ (i) (B) $2 \rightarrow$ (ii)

(C) $3 \rightarrow$ (iii) (D) $4 \rightarrow$ (iv)

**7.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Constant rate of change of consumption ($\Delta$C) with respect to change in income ($\Delta$Y), is the reason for the straight line consumption curve.

*Statement 2 :* Marginal rate of change between consumption and income is defined as Average Propensity to Consume (APC).

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**8.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* प्रतिकूल व्यापार संतुलन की स्थिति में, एक राष्ट्र का चालू खाता अधिशेष में हो सकता है ।

*कारण (R) :* किसी राष्ट्र की निवल अदृश्य प्राप्तियाँ, निवल दृश्य प्राप्तियों से अधिक हो सकती हैं ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**9.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* स्वैच्छिक रूप से बेरोज़गार वे सक्षम व्यक्ति होते हैं, जो प्रचलित मज़दूरी दर पर कार्य करने के इच्छुक नहीं होते ।

*कारण (R) :* संतुलन के पूर्ण रोज़गार स्तर पर अनैच्छिक बेरोज़गारी शून्य होती है ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

collegebatch.com

**8.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from those given below : *1*

*Assertion (A) :* In case of an unfavourable Balance of Trade, the Current Account of the nation may be in surplus.

*Reason (R) :* Net invisible receipts of a nation can exceed the Net visible receipts.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Voluntarily unemployed people are those able bodied people who are not willing to work at the prevailing wage rate.

*Reason (R) :* There exists zero involuntary unemployment at full employment level of equilibrium.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** पहचानिए कि एक अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है । *1*

(A) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पर अधिकता संभव है ।

(B) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) पर अधिकता संभव है ।

(C) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) तथा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में समानता संभव है ।

(D) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) तथा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का योग सदैव शून्य (0) के बराबर होता है ।

**11.** किसी राष्ट्र की विदेशी मुद्रा की माँग को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की विवेचना कीजिए । *3*

**12.** (क) आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय ध्यान रखी जाने वाली किन्हीं तीन सावधानियों का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) दिए गए आँकड़ों के आधार पर, राष्ट्रीय आय के मूल्य का आकलन कीजिए : *3*

| *क्र.सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 200 |
| (ii) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 300 |
| (iii) | सकल घरेलू स्थिर पूँजी निर्माण | 80 |
| (iv) | निवल निर्यात | (–) 20 |
| (v) | स्टॉक में वृद्धि | 20 |
| (vi) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 15 |
| (vii) | अप्रत्यक्ष कर | 60 |
| (viii) | उपदान | 15 |
| (ix) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय | (–) 40 |

**13.** (क) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए, सरकार ₹ 5,000 करोड़ का अतिरिक्त निवेश व्यय करती है । यह मानते हुए कि सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) अपने 20% के वर्तमान स्तर से आधी हो गई है, सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) में इस गिरावट के कारण आय में परिवर्तन का अनुमान लगाइए । *3*

(ख) स्वायत्त निवेश का अर्थ लिखिए । *1*

collegebatch.com

**10.** Identify which of the following statements is ***incorrect*** with reference to an economy. *1*

(A) Excess of Gross National Product (GNP) over Gross Domestic Product (GDP) is possible.

(B) Excess of Gross Domestic Product (GDP) over Gross National Product (GNP) is possible.

(C) Equality between Gross National Product (GNP) and Gross Domestic Product (GDP) is possible.

(D) Sum of Gross National Product (GNP) and Gross Domestic Product (GDP) is always equal to zero (0).

**11.** Discuss any two factors which directly affect the demand for foreign exchange of a nation. *3*

**12.** (a) State any three precautions to be taken while estimating national income by income method. *3*

**OR**

(b) On the basis of the given data, estimate the value of National Income : *3*

| *S.No.* | *Items* | *Amount (in ₹ crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Government Final Consumption Expenditure | 200 |
| (ii) | Private Final Consumption Expenditure | 300 |
| (iii) | Gross Domestic Fixed Capital Formation | 80 |
| (iv) | Net Exports | (–) 20 |
| (v) | Increase in Stock | 20 |
| (vi) | Consumption of Fixed Capital | 15 |
| (vii) | Indirect Taxes | 60 |
| (viii) | Subsidies | 15 |
| (ix) | Net Factor Income from Abroad | (–) 40 |

**13.** (a) For a hypothetical economy, the government incurs an additional investment expenditure of ₹ 5,000 crore. Assuming that the Marginal Propensity to Save (MPS) becomes half from its present level of 20%, estimate the change in income due to this fall in Marginal Propensity to Save (MPS). *3*

(b) State the meaning of autonomous investment. *1*

**14.** किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में समग्र पूर्ति के दो घटकों की विस्तार से व्याख्या कीजिए । *4*

**15.** (क) "भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा खुले बाज़ार में संचालन (Open market operations) अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने में सहायता करते हैं ।"

मान्य तर्कों सहित दिए गए कथन को सिद्ध कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) किसी राष्ट्र के केन्द्रीय बैंक के "बैंकों के बैंक" कार्य की विस्तार से व्याख्या कीजिए । *4*

**16.** (क) दी गई सूचना के आधार पर, निम्नलिखित के मूल्यों की गणना कीजिए :

(i) राजकोषीय घाटा *2*

(ii) प्राथमिक घाटा *1*

| *क्र.सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | पूँजीगत व्यय | 120 |
| (ii) | राजस्व प्राप्तियाँ | 100 |
| (iii) | राजस्व घाटा | 110 |
| (iv) | ब्याज भुगतान | 25 |
| (v) | ग़ैर-ऋण सृजन पूँजीगत प्राप्तियाँ | राजस्व प्राप्तियों का 40% |

(ख) सार्वजनिक वस्तुओं के किन्हीं दो उदाहरणों का उल्लेख कीजिए । *1*

(ग) 'सार्वजनिक प्रावधान' व 'सार्वजनिक उत्पादन' में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**17.** (क) (i) एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह की अवधारणा की व्याख्या कीजिए । *3*

(ii) "किसी अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व सकल मूल्य वर्धित (GVA) का योग सदैव बराबर होते हैं ।"

मान्य तर्कों सहित दिए गए कथन को सिद्ध कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) (i) "सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अवस्फीतिक वास्तविक GDP व मौद्रिक GDP के अनुपात द्वारा दर्शाया जाता है ।" *4*

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? एक काल्पनिक संख्यात्मक उदाहरण व मान्य तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

(ii) 'सम्पत्ति व उद्यमिता से आय' का अर्थ बताइए । *2*

collegebatch.com

**14.** Elaborate the two components of Aggregate Supply in a two-sector economy. *4*

**15.** (a) "Open market operations by Reserve Bank of India (RBI) help in regulating money supply in the economy."

Justify the given statement with valid arguments. *4*

**OR**

(b) Elaborate the "Bankers' Bank" function of the Central Bank of a nation. *4*

**16.** (a) On the basis of the given information, calculate the values of the following :

(i) Fiscal Deficit *2*

(ii) Primary Deficit *1*

| *S. No.* | *Items* | *Amount (in ₹ crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Capital Expenditure | 120 |
| (ii) | Revenue Receipts | 100 |
| (iii) | Revenue Deficit | 110 |
| (iv) | Interest Payments | 25 |
| (v) | Non-Debt Creating Capital Receipts | 40% of Revenue Receipts |

(b) State any two examples of public goods. *1*

(c) Distinguish between 'Public Provision' and 'Public Production'. *2*

**17.** (a) (i) Explain the concept of circular flow of income in a two-sector economy. *3*

(ii) "Gross Domestic Product (GDP) and sum of Gross Value Added (GVA) in an economy are always equal."

Justify the given statement with valid arguments. *3*

**OR**

(b) (i) "Gross Domestic Product (GDP) Deflator is represented by the ratio of Real GDP and Nominal GDP."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with valid arguments and a hypothetical numerical example. *4*

(ii) State the meaning of 'Income from Property and Entrepreneurship'. *2*

collegebatch.com

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से नियमित कृषि बाज़ार का उद्देश्य ***नहीं*** है/हैं ? *1*

(i) कृषकों के लिए विपणन के बुनियादी ढाँचे में सुधार करने के लिए हतोत्साहित करना ।

(ii) कृषकों को उनके उत्पादों का सर्वोत्तम मूल्य दिलाने के लिए विपणन प्रणाली को कुशल व प्रभावी बनाना ।

(iii) कृषकों को उनकी उपज की मात्रा व गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हतोत्साहित करना ।

विकल्प :

(A) (i) और (iii)

(B) (ii) और (iii)

(C) केवल (i)

(D) केवल (ii)

**19.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* कृषि क्षेत्र में समानता को प्रोत्साहित करने के लिए भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारण सरकारी नीतियों में से एक नीति थी ।

*कथन 2 :* स्वतंत्रता उपरांत अवधि में भू-सुधारों के परिणामस्वरूप ज़मींदारी प्रथा का उन्मूलन हो गया था ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

collegebatch.com

## SECTION B

## Indian Economic Development

**18.** Which of the following is/are ***not*** an objective of regulated agricultural market ? *1*

(i) To discourage improvement of marketing infrastructure for farmers.

(ii) To make marketing systems efficient and effective for farmers to get best price for their products.

(iii) To discourage farmers to improve the quantity and quality of their produce.

Alternatives :

(A) (i) and (iii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (i) only

(D) (ii) only

**19.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Land ceiling was one of the Government policies to promote equity in the agriculture sector.

*Statement 2 :* Land reforms resulted in abolition of the Zamindari system in the post independence period.

In light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

collegebatch.com

**20.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* भारत सरकार द्वारा 8 नवम्बर, 2016 को वस्तु व सेवा कर (GST) लागू किया गया था ।

*कारण (R) :* GST भारत में एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को लागू करने के लिए लाया गया था ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**21.** पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन G20 का सदस्य राष्ट्र ***नहीं*** है । *1*

(A) अर्जेंटीना (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) ब्राज़ील (D) बांग्लादेश

**22.** एक विशिष्ट फ़सल के बदले विभिन्न प्रकार की फ़सलों का उत्पादन __________ का विविधीकरण कहलाता है ।

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) क्षेत्रीय व्यवसाय (B) रोज़गार संरचना

(C) फ़सलों (D) औद्योगिक उत्पादन

**23.** पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास संकेतक (HDI) ***नहीं*** है । *1*

(A) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (B) वयस्क साक्षरता दर

(C) मातृ मृत्यु दर (D) बेरोज़गारी

**20.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative given below : *1*

*Assertion (A) :* Goods and Services Tax (GST) was implemented by the Government of India on 8th November, 2016.

*Reason (R) :* GST was introduced to implement a unified indirect tax system in India.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**21.** Identify which of the following is ***not*** a member nation of G20. *1*

(A) Argentina (B) Australia

(C) Brazil (D) Bangladesh

**22.** Production of varied forms of crops against one specialised crop is called diversification of ____________.

(Choose the correct alternative to fill in the blank) *1*

(A) sectoral occupation (B) employment structure

(C) crops (D) industrial production

**23.** Identify which of the following is ***not*** a Human Development Indicator (HDI). *1*

(A) Life Expectancy at Birth (B) Adult Literacy Rate

(C) Maternal Mortality Rate (D) Unemployment

**24.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

*कथन 1 :* मानव विकास इस विचार पर आधारित है कि शिक्षा व स्वास्थ्य मानव कल्याण के अभिन्न अंग हैं ।

*कथन 2 :* मानव पूँजी मानव को किसी साध्य की प्राप्ति का साधन मानती है ।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

**25.** नीचे दिए गए आँकड़ों के आधार पर, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वार्षिक वृद्धि (%) के संदर्भ में ***असत्य*** कथन की पहचान कीजिए : *1*

**सकल घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि (%), 1980 – 2017**

| *देश* | *1980 – 90* | *2015 – 2017* |
|---|---|---|
| भारत | 5·7 | 7·3 |
| चीन | 10·3 | 6·8 |
| पाकिस्तान | 6·3 | 5·3 |

विकल्प :

(A) पाकिस्तान व चीन ने 2015 – 2017 के दौरान विकास दर में गिरावट का अनुभव किया था ।

(B) चीन ने 1980 – 1990 में दोहरे अंकों की विकास दर हासिल की थी ।

(C) 2015 – 2017 की अवधि में भारत की GDP दर में मध्यम रूप से तेजी आई थी ।

(D) 1980 – 2017 के दौरान GDP के मामले में पाकिस्तान भारत से आगे था ।

**24.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Human development is based on the idea that education and health are integral to human well-being.

*Statement 2 :* Human capital treats humans as a means to an end.

In light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**25.** On the basis of the data given below, identify the ***incorrect*** statement with reference to annual growth of GDP (%) : *1*

**Annual Growth of Gross Domestic Product (%), 1980 – 2017**

| *Country* | *1980 – 90* | *2015 – 2017* |
|---|---|---|
| India | 5·7 | 7·3 |
| China | 10·3 | 6·8 |
| Pakistan | 6·3 | 5·3 |

Alternatives :

(A) Pakistan and China experienced a fall in growth rate during 2015 – 2017.

(B) China achieved double-digit growth rate in 1980 – 1990.

(C) GDP of India accelerated moderately in 2015 – 2017 period.

(D) Pakistan was ahead of India during 1980 – 2017 in terms of GDP.

**26.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* ब्रिटिश शासन के अंतर्गत कृषि क्षेत्र मुख्य रूप से भारत के क्षेत्रीय विकास का आधार था ।

*कारण (R) :* इंग्लैंड में उद्योगों के विकास के लिए, ब्रिटिश शासक भारतीय कृषि उत्पाद का अधिकतम लाभ उठाना चाहते थे ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

**27.** पहचानिए कि चीनी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से विकल्प सही ***नहीं*** हैं । *1*

(i) 1958 में, कम्यूनों की स्थापना हुई थी ।

(ii) विदेशी क्षेत्र में, विशेष आर्थिक क्षेत्र (Special Economic Zones) स्थापित हुए थे ।

(iii) बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं ने चीन में मृत्यु दर में कमी की थी ।

विकल्प :

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iii)

(C) (i), (ii) और (iii)

(D) (i) और (iii)

**28.** "भारत में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण पर अत्यधिक बल दिया गया है ।"

(i) उपर्युक्त कथन में इंगित मानव पूँजी निर्माण (HCF) के स्रोत की पहचान कीजिए । *1*

(ii) भारत के आर्थिक विकास पर इस स्रोत के संभावित प्रभावों की विस्तार से व्याख्या कीजिए । *2*

**29.** (क) 1950 – 1990 की अवधि के दौरान भारतीय औद्योगिक क्षेत्र की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 1995 में विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना के किन्हीं दो उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । *3*

**26.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from those given below : *1*

*Assertion (A) :* The agricultural sector under the British rule was primarily the base of the sectoral growth of India.

*Reason (R) :* British rulers wanted to take maximum advantage of the Indian agricultural output, for growth of industries in England.

Alternatives :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**27.** Identify which of the following alternatives are ***not*** true with reference to the Chinese economy. *1*

(i) In 1958, communes were established.

(ii) In the foreign sector, Special Economic Zones (SEZ) were set up.

(iii) Better health facilities reduced mortality rate in China.

Alternatives :

(A) (i) and (ii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i) and (iii)

**28.** "In India, National Education Policy 2020 has stressed a lot on in-service training of the teachers."

(i) Identify the source of Human Capital Formation (HCF) indicated in the aforesaid statement. *1*

(ii) Elaborate the likely impacts of this source on the economic development of India. *2*

**29.** (a) Discuss any two salient features of Indian industrial sector during the period of 1950 – 1990. *3*

**OR**

(b) Describe any two purposes for the founding of World Trade Organisation (WTO) in 1995. *3*

collegebatch.com

**30.** दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

चित्र में दर्शाई गई परिस्थिति की पहचान कीजिए तथा भारतीय अर्थव्यवस्था पर संकेतित स्थिति के प्रभाव का सुझाव दीजिए । *4*



***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***30*** *के स्थान पर है ।*

"अनौपचारिक क्षेत्रक के बजाय, औपचारिक क्षेत्रक में रोज़गार का सृजन आवश्यक है ।" दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए । *4*

**31.** दिए गए आँकड़ों से, सकल मूल्य वर्धित (GVA) में भारत व चीन के क्षेत्रीय योगदान की तुलना व विश्लेषण कीजिए । *4*

**2018 – 2019 में रोज़गार एवं सकल मूल्य वर्धित (%) के क्षेत्र शेयर**

| *क्षेत्र* | *सकल मूल्य वर्धित में योगदान* | | | *कार्यबल का वितरण* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* | *भारत* | *चीन* | *पाकिस्तान* |
| कृषि | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| उद्योग | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| सेवा | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **योग** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**30.** Study the given image carefully :

Identify the situation depicted in the image and suggest the impact of the indicated situation in the Indian economy. *4*



***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No.* ***30****.*

"It is necessary to generate employment in the formal sector rather than in the informal sector." Justify the given statement. *4*

**31.** From the given data, compare and analyse India and China's sectoral contribution towards Gross Value Added (GVA). *4*

**Sectoral Share of Employment and GVA (%) in 2018 – 2019**

| *Sector* | *Contribution to GVA* | | | *Distribution of Workforce* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *India* | *China* | *Pakistan* | *India* | *China* | *Pakistan* |
| Agriculture | 16 | 7 | 24 | 43 | 26 | 41 |
| Industry | 30 | 41 | 19 | 25 | 28 | 24 |
| Services | 54 | 52 | 57 | 32 | 46 | 35 |
| **Total** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

**32.** (क) (i) श्रमिक – जनसंख्या अनुपात को परिभाषित कीजिए तथा इसकी उपयोगिता का वर्णन कीजिए । *3*

(ii) 'प्रच्छन्न बेरोज़गारी' का अर्थ बताइए । *1*

**अथवा**

(ख) वैध तर्कों द्वारा उल्लेख व व्याख्या कीजिए कि निम्नलिखित कथन *सत्य* हैं या *असत्य* :

(i) हाल में, भारत सरकार ने वित्तीय संसाधनों के कुशलतम आबंटन के लिए जन-धन योजना जैसे कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं । *2*

(ii) ग्रामीण भारत में ऋण उपलब्धता में सहकारी समितियाँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं । *2*

**33.** (क) (i) "हर सिक्के के दो पहलू होते हैं — कृषि उपदान पर बहस भी ऐसा ही एक उत्कृष्ट उदाहरण है ।"
कृषि उपदान जारी रखने के पक्ष व विपक्ष में दो-दो तर्कों सहित दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

(ii) "स्वेज़ नहर का उपयोग भारत और ब्रिटेन के बीच राजमार्ग के रूप में किया जाता था ।"
मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन को सिद्ध कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) (i) "स्वतंत्रता उपरांत की अवधि में भारत की अंतर्मुखी व्यापार नीति (inward looking trade policy) को विभिन्न टैरिफ व ग़ैर-टैरिफ अवरोधों द्वारा अच्छा समर्थन दिया गया था ।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? वैध तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । *3*

(ii) "नवरत्न नीति से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) के रखरखाव, प्रचार को प्रोत्साहित करने व विनिवेश को बढ़ावा देने में सुविधा हुई है ।"
मान्य स्पष्टीकरण के साथ दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3*

collegebatch.com

**32.** (a) (i) Define worker – population ratio and describe its usefulness. *3*

(ii) State the meaning of 'Disguised Unemployment'. *1*

**OR**

(b) State and elaborate whether the following statements are *true* or *false*, with valid arguments :

(i) In the recent past, the Government of India has taken crucial steps, like Jan-Dhan Yojana, for efficient allocation of financial resources. *2*

(ii) Cooperatives play a vital role in the credit availability in rural India. *2*

**33.** (a) (i) "Every coin has two sides — debate over farm subsidies is one such classic example of the same."
Justify the given statement with two arguments each in favour of and against the continuation of the farm subsidies. *3*

(ii) "Suez Canal was used as a highway between India and Britain."

Justify the given statement with valid arguments. *3*

**OR**

(b) (i) "India's inward looking trade policy during the post independence period was well supported by various tariff and non-tariff barriers."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with valid arguments. *3*

(ii) "Navratna policy has facilitated the maintenance, promotion and disinvestment of Public Sector Undertakings (PSUs)."
Justify the given statement with valid explanation. *3*

collegebatch.com

**34.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

समकालीन विश्व में जहाँ सतत विकास को लेकर बहुत सारी चिंताएँ हैं, हरित विकास तथा शुद्ध शून्य उत्सर्जन ऐसी दो महत्त्वपूर्ण अवधारणाएँ हैं जिनकी आमतौर पर एक साथ चर्चा की जाती है । ये दो अवधारणाएँ पृथ्वी के भविष्य के लिए अतिसंवेदनशील हैं, क्योंकि इन पर एक साथ काम करके, हम अपने लिए तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अधिक स्थायी भविष्य का निर्माण कर सकते हैं ।

हरित विकास उस आर्थिक विकास को संदर्भित करता है "जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के तरीके से हासिल किया गया है," जबकि, "शुद्ध शून्य उत्सर्जन ग्रीनहाउस गैसों के मानवजनित उत्सर्जन व वायुमंडल से ऐसे उत्सर्जन को हटाने के बीच संतुलन प्राप्त करने की स्थिति है ।"

दोनों अवधारणाओं के बीच एक मजबूत संबंध मौजूद है :

(1) हरित विकास ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में सहायक है, जो शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए आवश्यक है ।

(2) हरित विकास नौकरियाँ उत्पन्न करने में व आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायक है, जो देशों के लिए शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्रौद्योगिकी में निवेश को अधिक किफायती बनाने में सहायता कर सकता है ।

एक राष्ट्र इन दोनों कारकों को एक साथ वृद्धि देने के लिए बहुत कुछ कर सकता है, जैसे :

(क) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश, जो ग्रीनहाउस गैसों का उत्पादन नहीं करते हैं ।

(ख) ऊर्जा कुशल उपायों को अपनाना जैसे इन्सुलेशन और अन्य ऐसे उपकरण जो ऊर्जा की खपत को कम करने में मदद कर सकते हैं ।

(ग) परिवहन की आदतों में परिवर्तन जैसे पैदल चलना, साइकिल चलाना व सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, क्योंकि ये यात्रा करने के लिए अल्प-कार्बन उत्सर्जन वाले तरीके हैं ।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) हरित विकास व शुद्ध शून्य उत्सर्जन का अर्थ बताइए । *2*

(ii) हरित विकास और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के बीच अंतर्संबंध पर संक्षेप में चर्चा कीजिए । *3*

(iii) शुद्ध शून्य उत्सर्जन को प्रोत्साहित करने वाले किसी एक कारक को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *1*

collegebatch.com

**34.** Read the following text carefully :

In the contemporary world with a lot of sustainable development concerns, green growth and net zero emissions are two important concepts which are generally discussed together. These two concepts are essential for the future of the Earth, as by working together on them we can create a more sustainable future for ourselves and for the generations to come.

Green growth refers to, "the economic growth that is achieved in a way that minimizes environmental impact," whereas, "net zero emission is the state of achieving balance between anthropogenic emission of greenhouse gases and removal of such emissions from the atmosphere."

There exists a robust connection between the two concepts :

(1) Green growth can help to reduce greenhouse gas emissions, which is essential for achieving net zero emissions.

(2) Green growth can help to create jobs and boost economic growth, which can help to make it more affordable for countries to invest in net zero emissions technology.

A nation can do a lot to promote these two factors together, like :

(a) Investing in renewable energy sources which do not produce greenhouse gases.

(b) Adopting energy efficient measures, such as insulation and other such appliances which can help to reduce energy consumption.

(c) Altering transportation habits, like adopting walking, biking and using public transportation as they are lower-carbon ways to travel.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(i) State the meaning of green growth and net zero emissions. *2*

(ii) Discuss briefly the interconnection between green growth and net zero emissions. *3*

(iii) Illustrate any one factor to promote net zero emission. *1*